भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 948
सोमवार, 10 फरवरी, 2025/21 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

एसएएससीआई योजना

948. **श्री राधेश्याम राठिया:**
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना की प्रमुख विशेषताएं और उद्देश्य क्या हैं; और
(ख) छत्तीसगढ़ राज्य को अब तक एसएएससीआई योजना के अंतर्गत प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विशिष्ट ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ख): भारत सरकार ने देश में प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों को व्यापक रूप से विकसित करने, वैश्विक स्तर पर उनकी ब्रांडिंग और विपणन करने के उद्देश्य से 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 23 राज्यों में 3295.76 करोड़ रु. की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके अलावा, इस योजना की मुख्य विशेषताओं में जिम्मेदार पर्यटन पद्धतियों को अपनाते हुए सर्वांगीण पर्यटक अनुभव विकसित करना, चुनौती मोड पर चयनित प्रस्तावों के लिए निधियन सहायता, पर्यटक मूल्य श्रृंखला के सभी बिन्दुओं के सुदृढ़ीकरण पर फोकस करना, डिजाइन और विकास के लिए विशेषज्ञता का उपयोग करना, सतत प्रचालन और अनुरक्षण आदि शामिल हैं।

एसएएससीआई योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के लिए स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**लागत (करोड़ रु. में)**
1	चित्रोत्पला फिल्म सिटी का विकास	95.79
2	जनजातीय और सांस्कृतिक सम्मेलन केंद्र का विकास	51.87

*****